www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली, गुरुवार, 19 मार्च 2026

**सुविचार**



कवि और चित्रकार में भेद है। कवि अपने स्वर में और चित्रकार अपनी रेखा में जीवन के तत्व और सौंदर्य का रंग भरता है।

- डॉ. रामकुमार वर्मा

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- किसानों ने लगाई समस्याओं की झड़ी-II
- ईद : अफगानी कुर्ते व तुर्की टोपियों का क्रेज-III
- चैत्र नवरात्र : मंदिरों में माता का किया विशेष श्रृंगार- IV



**इफ्तार** — गुरुवार शाम — सुन्नी : 6:27, शिया : 6:35

**सहरी** — शुक्रवार सुबह — सुन्नी : 4:56, शिया : 4:46

# ईद : शनिवार को मनाए जाने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सऊदी अरब में बुधवार को नजर नहीं आया ईद का चांद
- इस बार 30 रोजों का हो सकता है रमजान, दो अलविदा जुमा

**अमृत विचार :** इस बार रमजान में फिर से पांच जुमा पड़ रहे हैं। ऐसे में इस बार 26 साल के बाद फिर से रमजान में दो अलविदा की नमाज अदा हो सकती हैं। इसकी वजह यह है कि बुधवार को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर नहीं आया है। ऐसे में सऊदी अरब में शुक्रवार को और भारत में अगले दिन शनिवार को 30 रोजे के बाद ईद का त्योहार मनाया जाएगा। हालांकि गुरुवार को चांद देखे जाने की कोशिश होगी। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से ऐलान किया जाएगा।

आमतौर पर एक माह में चार शुक्रवार होते हैं. लेकिन इस बार पूरे 30 रमजान में पांच जुमा होने की भी उम्मीद है। पिछले शुक्रवार को जिले भर में अलविदा की नमाज अदा की गई थी। इसके बाद दरगाह हजरत की तरफ से बुधवार को अपील जारी करते हुए गुरुवार को ईद का चांद देखने को कहा गया है। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सन 2000 में रमजान में पांच जुमा होने से दो बार अलविदा की नमाज अदा की गई थी।

### चांद देखने की अपील, हेल्पलाइन नंबर जारी

दरगाह आला हजरत की ओर से गुरुवार को ईद का चांद देखने की अपील की गई है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) की सरपरस्ती में मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारूकी, मुफ्ती अफजाल, कारी काजिम रजा आदि की निगरानी में टीम गठित की गई है। सुन्नी रूयते हिलाल की तरफ से दरगाह पर चांद दिखने की व्यवस्था की गई है।

# नवरात्र: ऐसे करें शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कलश स्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव रहने के साथ शुक्ल व सर्वार्थ सिद्धि जैसे बन रहे शुभ योग



**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार से हो रहा है। पहले दिन प्रतिपदा सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होगी, इसी दिन विधि-विधान से कलश स्थापना कर नवरात्र का शुभारंभ किया जाएगा। कलश स्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव रहने के साथ ही शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि जैसे शुभ योग बन रहे हैं। यह दुर्लभ संयोग 72 साल बाद बन रहा है जो अत्यंत शुभ माना जा रहा है।

आचार्य राजेश कुमार शर्मा के अनुसार कलश स्थापना के लिए गुरुवार को सुबह 6:52 से 8:23 बजे तक पहला शुभ मुहूर्त रहेगा, जबकि दूसरा मुहूर्त दोपहर 11:55 से 12:46 बजे तक होगा। इन शुभ समय में विधिपूर्वक कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना शुरू करना विशेष फलदायी माना गया है।

आचार्य प्रखर मिश्र ने बताया कि इस बार कलश स्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव रहने के साथ शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि जैसे शुभ योग बन रहे हैं। करीब 72 साल बाद बन रहे इस दुर्लभ संयोग को अत्यंत शुभ माना जा रहा है। नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री से लेकर सिद्धिदात्री तक की पूजा-अर्चना की जाएगी। 26 और 27 मार्च को अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन होगा।

## सिटी ब्रीफ

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा का शेड्यूल जारी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वर्ष 2026 के लिए बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और बीएससी एमएलटी की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी की गई जानकारी में बताया गया कि ये सभी परीक्षाएं मार्च के अंत से शुरू होकर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक चलेंगी। सभी प्रश्नपत्रों के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। बीएससी नर्सिंग प्रथम से लेकर चतुर्थ वर्ष तक की परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होंगी।

### कमिश्नर आज करेंगे कलेक्ट्रेट का वार्षिक मुआयना

**बरेली, अमृत विचार :** कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट का वार्षिक मुआयना करेंगे। निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों में कुछ दिनों से साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही थीं। राजस्व अभिलेखागार और इंग्लिश रिकार्ड रूम के साथ शस्त्र अनुभाग व विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी संगठन कार्यालय में फाइलों के रख रखाव को ठीक किया गया। बुधवार को भी कर्मी तैयारियों में जुटे रहे।

### जिला अस्पताल : अब कमरा नंबर तीन से मिलेगी ब्लड जांच रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में लगातार दो दिन हुए हंगामे के बाद व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब मरीजों को ब्लड जांच की रिपोर्ट कमरा नंबर तीन से उपलब्ध कराई जाएगी। नई व्यवस्था के तहत ओपीडी के अंदर आसानी से रिपोर्ट मिल सकेगी।

## शहर में आज

- त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति की ओर से मंदिर के रामालय में नवसंवत्सर पूजन एवं व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन सुबह 10 बजे।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष होने पर उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की ओर से चार दिवसीय राष्ट्रीय कला शिविर का उद्घाटन इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में दोपहर 2 बजे।
- नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में भजन-कीर्तन का आयोजन शाम 4 बजे।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से नव संवत्सर महोत्सव कैम्ब्रिज स्कूल सभागार में शाम 5 बजे।

# आरए बाजार बना विरासत परिसर और बीआई बाजार होगा शौर्य बाजार

## छावनी परिषद की बैठक में कैंट की पहचान दो पुराने बाजारों के नाम बदलने के साथ कई फैसलों पर मुहर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घर-घर में रखे जाएंगे प्लास्टिक डस्टबिन और होम कंपोस्टर

**अमृत विचार :** कैंटोनमेंट बोर्ड की बैठक बुधवार को परिसर में संपन्न हुई। बैठक में कैंट की पहचान बने दो बाजारों के नाम भी बदलने का फैसला लिया गया। इसमें रॉयल आर्टिलरी (आरए) बाजार का नाम बदलकर विरासत परिसर और बीआई बाजार का नाम बदलकर शौर्य बाजार कर दिया गया। इतना ही नहीं अब छावनी परिसर के अंदर बने श्मशान स्थल का नाम ''पंचतत्व मोक्ष धाम'' कर दिया गया है। श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण में करीब 80 लाख रुपये खर्च किए गए।

छावनी परिषद बरेली की सामान्य बोर्ड बैठक बुधवार को ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह की अध्यक्षता में परिषद कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन और नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बैठक में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और राजस्व वृद्धि को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत घर-घर प्लास्टिक डस्टबिन वितरण के लिए पांच लाख और होम कम्पोस्टर वितरण के लिए तीन लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। इससे कचरा पृथक्करण और जैविक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि बैठक में आरए बाजार का नाम ''विरासत परिसर'' और बीआई बाजार का नाम ''शौर्य बाजार'' रखने का निर्णय लिया गया। छावनी क्षेत्र के श्मशान स्थल का नाम बदलकर पंचतत्व मोक्ष धाम रखा गया और उसके बेहतर संचालन के लिए प्रबंधन समिति गठन का निर्णय लिया गया। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आरए बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय और कैंट गर्ल्स प्राइमरी स्कूल में वर्षा जल संचयन प्रणाली निर्माण के लिए करीब 19.50 लाख मंजूर किए गए।

इसके साथ ही बैठक में राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न बाजारों में तहबाजारी और मार्केट फीस संग्रहण के लिए 11.98 लाख रुपये की उच्चतम बोली स्वीकृत की गई। वहीं जलकर दरों में संशोधन कर नई दरें 1 अप्रैल से लागू करने का निर्णय लिया गया। गांधी उद्यान में पार्किंग और प्रवेश शुल्क के लिए 33.03 लाख रुपये की ई-नीलामी भी स्वीकृत हुई। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सीयूजीएल की सहायता से चार सीएनजी वाहनों की खरीद को मंजूरी दी गई। साथ ही प्रमुख स्थलों पर एलईडी साइन बोर्ड लगाने के लिए 9.80 लाख स्वीकृत हुए।

### स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग चौक का किया उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार :** कैंटोनमेंट बोर्ड ने समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने व क्षेत्र की सौंदर्यात्मक छवि को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को योग चौक का उद्घाटन कराया। उद्घाटन करने पहुंचे ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह ने कहा कि हर किसी को योग करना चाहिए, जिससे लंबे उम्र तक स्वस्थ रहें। योग चौक की संकल्पना को मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन के मार्गदर्शन में सौंदर्यपूर्ण ढंग से डिजाइन किया गया है। तनु जैन ने कहा कि यह स्थल स्वास्थ्य, ध्यान और कलात्मक को प्रस्तुत करता है। चौक की प्रमुख विशेषता बारह योग आसनों की आकर्षक स्थापना है, जो शारीरिक संतुलन, मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का प्रतीक है। ये कलात्मक प्रतिमाएं नागरिकों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। चौक की सुंदरता को और निखारने के लिए आधुनिक प्रकाश की व्यवस्था की गई है। तीन हिरण की सुसज्जित प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। इस दौरान नामित सदस्य वैभव जायसवाल सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अलंकार बोले, गलत तरीके से निलंबित कर दिया आरोप पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निलंबित पीसीएस अलंकार ने आरोप पत्र के आरोप संख्या दो को फेसबुक वॉल पर किया शेयर
- शासन ने आरोप पत्र में नगर मजिस्ट्रेट जैसे पद पर रहते हुए आचरण नियमावली का दोषी माना



**अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देने के बाद निलंबित किए गए पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री ने बुधवार को शासन की ओर से जारी हुए आरोपपत्र का कुछ हिस्सा अपनी फेसबुक वॉल पर शेयर किया है। उस पर सवाल उठाते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने कहा है कि जब वह पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं तो उसके बाद निलंबित करने का कोई प्रश्न नहीं होता है और गलत तरीके से निलंबित कर आरोप पत्र दिया है। यही नहीं आरोप पत्र में वर्णित आरोप संख्या दो में यह लिखा है कि उन्होंने ब्राह्मण और सामान्य वर्ग की बात की है।

अलंकार अग्निहोत्री ने जवाब में लिखा है कि तुम कभी सामान्य वर्ग और ब्राह्मणों की बात करोगे ही नहीं, बस कुछ ब्राह्मणों को एमपी-एमएलए बनाकर अत्याचार करते रहो, इसलिए विभाजनकारी सरकार की नौकरी को मैंने त्याग दिया। वहीं, आरोप पत्र में वर्णित आरोप संख्या दो में अलंकार अग्निहोत्री के लिए लिखा है कि 26 जनवरी के अपने त्याग पत्र में विशेष जातियों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ, भूमिहार आदि व सामान्य वर्ग का पक्ष रखने का उल्लेख किया है। केंद्र व राज्य सरकार को ब्राह्मण विरोधी सरकार होने का बयान दिया। बरेली के नगर मजिस्ट्रेट जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए सभी जाति और धर्म के लोगों को समान न समझते हुए जातिगत भावना से द्वेषपूर्ण बयान दिया गया, जिससे आम जनमानस में शासन की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य उप्र सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम-4 (1) एवं नियम-7 (1) के उल्लंघन का संकेत है, इसके लिए आप दोषी प्रतीत होते हैं।

# रुविवि ने एमबीबीएस परीक्षाओं के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की एमबीबीएस परीक्षाओं के लिए बुधवार को संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एमबीबीएस द्वितीय प्रोफेशनल और एमबीबीएस तृतीय प्रोफेशनल पार्ट (1 और 2) की पूरक परीक्षा सप्लीमेंट्री के लिए आवेदन प्रक्रिया का कार्यक्रम तय कर दिया।

परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी 20 मार्च से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया गया कि ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च रखी गई है।

# मानवाधिकार आयोग को भेजी अफसर एनकाउंटर की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सास और साले के हत्यारोपी को पुलिस ने मंगलवार की सुबह मुठभेड़ में कर दिया था ढेर



**अमृत विचार :** पारिवारिक पंचायत में कहासुनी के बाद सास और साल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी, जबकि पत्नी को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इज्जत नगर पुलिस ने मंगलवार की सुबह आरोपी का एनकाउंटर करके उसे ढेर कर दिया था। इस मामले में बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने मानवाधिकार आयोग को रिपोर्ट भेजी।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी निवासी अफसर खान का पत्नी सायमा से विवाद चल रहा था। इसको लेकर अफसर खान ने गांव के रहने वाले राशिद खान से सोमवार को पंचायत करके पति-पत्नी में आपस में सुला करने को कहा था। सोमवार की दोपहर में अफसर खान और उसकी पत्नी, सास और साले के अलावा अन्य लोगों की मौजूदगी में पंचायत हो रही थी। इसी बीच कहासुनी होने पर अफसर खां ने साले आदिल, सास आसमां और पत्नी सायमा को चाकू मार कर फरार हो गया था, तीनों घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां पर आदिल और उसकी मां आसमां की मौत हो गई थी, जबकि सायमा की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इज्जत नगर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपी की तलाश में तीन टीमों को लगाया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी तमंचा लेकर गांव में घूम रहा है पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो वह भाग गया। इसके बाद सहारा मैदान पर पुलिस ने उसे घेर लिया और सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी थी, जिसमें इज्जत नगर इंस्पेक्टर बाल बाल बच गए थे, आरोपी की गोली लगने से दो सिपाही घायल हो गए थे जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की जिसमें अफसर के चार गोलियां लगी और वह ढेर हो गया। पुलिस की मौजूदगी में ही मंगलवार की रात आरोपी को दफनाया गया था। एनकाउंटर के बाद एसएसपी ने मजिस्ट्रियल जांच के लिए डीएम को पत्र लिखा था। इसके अलावा बुधवार को एनकाउंटर की रिपोर्ट मानवाधिकार आयोग को भेज दी गई है।

### सायमा की हालत में हो रहा सुधार

पति के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई सायमा को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत में पहले से अधिक सुधार बताया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम उस पर निगरानी रखे हैं। इलाज कर रहे डॉक्टर का कहना है कि पहले से खून कम बह रहा है, जिससे धीरे-धीरे वह पहले से बेहतर हो रही है। वहीं पति की मौत की खबर सुनकर वह काफी खुश और राहत की सांस ले रही है।

### गांव में पुलिस बल तैनात

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अफसर खान की शादी गांव के ही रहने वाले चाचा की बेटी सायमा से हुई थी। अफसर ने सास और साले की हत्या के बाद पुलिस मुठभेड़ में उसका एनकाउंटर हो गया। दोनों परिवारों में तनाव न फैले इसको लेकर मंगलवार के बाद बुधवार को भी गांव में पुलिस फोर्स को तैनात रहा। हालात सामान्य होने के बाद शुक्रवार तक पुलिस फोर्स को हटाने की बात कही जा रही है।

# बीएससी एमएलटी की परीक्षाएं 30 मार्च से

**बरेली, अमृत विचार :** बीएससी एमएलटी (मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निक्स) तृतीय वर्ष के बैच 2019 और 2020 के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों की पूरक परीक्षाएं 30 मार्च को क्लीनिकल बायोकेमिस्ट्री और 1 अप्रैल को पैथोलॉजी व अन्य संबद्ध विषयों के साथ आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने सभी संबंधित विद्यार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही परीक्षा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक साइट पर भी जाकर पता कर सकते हैं।

# पहले गुजराती सीखी, फिर मेहनत से पास कर बने जज



शिखर मूलचंदानी का जंक्शन पर भव्य स्वागत किया गया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी पीसीएस जे की तैयारी में असफल होने के बाद प्रैक्टिस कर रहे एडवोकेट ने जज बनने के लिए पहले गुजराती सीखी और फिर वहां होने वाली जज की परीक्षा दी। उनकी तैयारी इतनी जबरदस्त थी की उन्होंने 24 वां स्थान प्राप्त किया है। शहर आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

सिटी श्मशान भूमि के पास रहने वाले एडवोकेट राधा कृष्ण मूलचंदानी के बेटे शिखर मूलचंदानी का सपना न्यायमूर्ति बनने का था। उन्हें पढ़ाई के बाद तैयारी की और साथ में अपने सीनियर महेश गंगवार के साथ बरेली कोर्ट में प्रैक्टिस करते रहे। इसी बीच वह पीसीएस जे की तैयारी भी करते रहे। उन्होंने पहले यूपी पीसीएस जे की परीक्षा दी, लेकिन सफल नहीं हो सके। फिर उन्होंने राजस्थान में जज बनने के लिए परीक्षा दी, लेकिन वहां भी असफल रहे। उनका हौंसला नहीं टूटा। उन्होंने गुजरात में रहकर वहां गुजराती सीखी और परीक्षा दी।

**जगी उम्मीद** — वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने की मुलाकात, मुख्यमंत्री को 21 को राष्ट्रीय वन दिवस कार्यक्रम में और बरेली आने को किया आमंत्रित

# मुख्यमंत्री ने नवरात्र के बाद बरेली आने पर जताई सहमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे सीएम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेलीवासियों को छह हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने चैत्र नवरात्र के बाद बरेली आएंगे। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्र के बाद बरेली आने की सहमति जताते हुए डॉ अरुण कुमार को लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां कराने और परियोजनाओं का पूर्व में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वनमंत्री के अनुसार मुख्यमंत्री मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आ सकते हैं।

वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान बरेली के विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण कई परियोजनाओं पर चर्चा की। वन मंत्री ने मुख्यमंत्री को 21 मार्च को राष्ट्रीय वन दिवस पर लखनऊ में होने वाले बड़े कार्यक्रम के साथ बरेली आगमन को आमंत्रित किया। इस पर मुख्यमंत्री ने जल्द बरेली आने की सहमति दी। वनमंत्री का कहना है कि मुख्यमंत्री प्रस्तावित दौरे के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। उनका यह दौरा बरेली जिले के विकास को नई गति देने वाला साबित होगा।

इधर, मुख्यमंत्री के बरेली आगमन पर करीब छह हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कराने का कार्यक्रम है। पुलिस-प्रशासन मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कई दिनों से तैयारियां पूरी करने में जुटे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण की ग्रेटर बरेली, रामायण वाटिका, औद्योगिक टाउनशिप सहित कई परियोजनाओं का मुख्यमंत्री लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री रामायण वाटिका देखने भी जा सकते हैं, ऐसी संभावना को देखते हुए बीडीए के अफसर तैयारी करने में जुटे हैं। डीएम अविनाश सिंह दो दिन पहले कह चुके हैं कि जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

### घोड़ाखाल जाते समय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का 21 को बरेली में चेंजओवर, प्रशासन सतर्क

**बरेली, अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 मार्च को त्रिशूल एयरफोर्स में चेंजओवर करने के बाद उत्तराखंड के नैनीताल जिले के घोड़ाखाल जाएंगे। रक्षामंत्री के चेंजओवर कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री 21 मार्च की सुबह 10 बजे पालम एयरपोर्ट दिल्ली से विशेष वायुयान से उड़ान भरकर पूर्वाह्न 10 .45 बजे त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन में लैंड होंगे। यहां से 10 .50 बजे हेलिकाप्टर से आर्मी हेलिपैड घोड़ाखाल के लिए उड़ान भरेंगे। वहां कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद दोपहर बाद 3 .25 बजे आर्मी हेलिपैड घोड़ाखाल से उड़ान भरकर एयरफोर्स स्टेशन में लैंड होंगे। यहां से 3 .55 बजे विशेष वायुयान से पालम एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेंगे।

### औद्योगिक विकास मंत्री नंदी 20 को बरेली आएंगे

**बरेली :** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से 20 मार्च से बरेली क्लब में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उनका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मंत्री नंदी शाम 4 .30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां उद्योग विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद करीब शाम 7 बजे कार्यक्रम स्थल जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### हमला करके पांच लोगों को किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** पड़ोसियों ने धारधार हथियार से हमला करके पांच लोगों को कर दिया। बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी अबरार हुसैन ने बताया कि मोहल्ले के छोटा चौधरी, साकिब और अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें अबरार हुसैन, बिलाल, अनवार, इसरार, सरताज को चोटें आईं। पीड़ित की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने छोटी चौधरी, साकिब, जाकिब समेत अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** जानलेवा हमला करने के बाद फरार चल रहे आरोपी को प्रेमनगर पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। प्रेमनगर पुलिस मंगलवार की रात चेकिंग कर रही थी। इसी बीच कुदेशिया फाटक लोको कॉलोनी में भागने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम विनीत पाल निवासी पाल बस्ती बानखाना थाना प्रेमनगर बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से तमंचा भी बरामद हुआ। आरोपी ने 14 मार्च की रात अजयपाल उर्फ सिंटू पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था।

### गैंगरेप के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**विधि, बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (16) संग पांच वर्ष पूर्व सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी थाना सीबीगंज क्षेत्र निवासी नेमपाल शर्मा की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने खारिज कर दी। पीड़िता की मां ने थाना सीबीगंज में तहरीर देकर बताया था कि वह जाति से वाल्मीकि है। नेमपाल शर्मा और राजू शर्मा पुत्री पर बुरी नजर रखते थे। पुत्री 8 मार्च 2021 को रेलवे फील्ड के पास अपने मामा के घर जा रही थी, तभी उसको अकेला देखकर नेमपाल शर्मा, राजू शर्मा और उनके बहनोई नरोत्तम गंगवार ने पकड़ लिया व कान पर तमंचा रख बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

# किसानों ने लगाई समस्याओं की झड़ी

## किसान दिवस में कई अफसरों के नहीं पहुंचने पर फूटा किसानों का गुस्सा, किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चौराहों पर कैमरे और खराब स्ट्रीट लाइटें सही करवाने की मांग
- गांव में टंकी का पानी सुचारू रूप से न आने का आरोप लगाया

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में बुधवार को उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों ने एक के बाद एक समस्याओं की झड़ी लगा दी। किसानों ने गांव के चौराहों पर कैमरे और खराब स्ट्रीट लाइटें सही करवाने का मांग पत्र देते हुए हंगामा किया। नल रिबोर और गांव में टंकी का पानी सुचारू रूप से न आने की समस्या उठाई। किसानों की अफसरों से तकरार भी हुई।

जिले के प्रगतिशील कृषक और कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के किसान प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी रबी फसल कटाई, खरीद केंद्रों की तैयारी, बिजली आपूर्ति एवं रसोई गैस व्यवस्था कराए जाने के लिए कई बार पत्र दिया, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ। बैठक में कई विभागों के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर किसानों का गुस्सा फूट गया। उन्होंने हंगामा करते हुए अधिकारियों को बुलाने की मांग की, साथ ही किसानों की समस्याओं का समाधान न करने का आरोप भी लगाया।

**26 शिकायतें निस्तारित करने का दावा :** उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे ने बताया कि बैठक में जिले से किसान और किसान संगठन के लोग पहुंचे थे। कुल 28 शिकायतें आईं। संबंधित अधिकारियों को जल्द शिकायत निस्तारण के आदेश दिए हैं। किसानों बताया कि कई बार गांव में आवास न मिलने की शिकायत की, मगर अभी तक समस्या का हल नहीं हुआ। इस दौरान नाली तो किसी ने पुलिया न बनने की शिकायत की। उप कृषि निदेशक का दावा है कि 26 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। पिछले माह में मिली तीन शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाया है। जिसे संबंधित विभागों से पत्राचार कर जानकारी मांगी गई है। पत्र का जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



किसान दिवस पर आयोजित बैठक में मौजूद किसान और अफसर। ● अमृत विचार

### बैठक में किसानों ने उठाईं ये मांगें

कृषक महेन्द्र पाल गंगवार ने बिजली समस्या, गांव के चौराहों पर कैमरे और खराब स्ट्रीट लाइटें सही करवाने को मांग पत्र दिया। किसान यामीन मलिक ने बताया कि गांव में चार इंडिया मार्का नल रिबोर होने हैं। गांव में टंकी का पानी भी सुचारू रूप से नहीं आता है। जिला उद्यान अधिकारी समेत कई अफसरों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए 107 स्थायी केंद्र एवं 13 मोबाइल केंद्र खुले हैं।

# ताऊ गवाही से मुकरा, बालिग मिली रेप पीड़िता, आरोपी बरी

विधि संवाददाता, बरेली

- पीड़िता के विरोधाभासी बयानों को भी कोर्ट ने माना संदेहास्पद




**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की से 8 वर्ष पूर्व दुष्कर्म के आरोपी थाना भमोरा क्षेत्र निवासी अभिजीत को परीक्षण में संदेह का लाभ प्रदान करते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने बरी कर दिया।

पीड़िता के ताऊ ने थाना भमौरा में तहरीर देकर बताया था कि 14 सितम्बर 2016 को उसकी भतीजी (16) को घर के पास में रहने वाला अभिजीत बहला-फुसलाकर खड़ंजे से खींचकर अपने घर ले गया, वहां दुष्कर्म किया। डरी-सहमी घर लौटी भतीजी ने आपबीती सुनायी, तब घरवालों को पता चला। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धारा में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता के बयान व सबूत एकत्रित कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये थे।

सुनवाई के दौरान पीड़िता का ताऊ/वादी कोर्ट में अपने बयान से मुकर गया। बचाव पक्ष के वकील द्वारा की गयी जिरह में कहा कि अभिजीत ने पीड़िता के साथ कोई बलात्कार नहीं किया था। मैंने कोई तहरीर नहीं दी। वहीं पीड़िता ने भी पुलिस को दिये बयान में अभिजीत के चंगुल से छूटकर भाग आने की बात कही थी, जबकि वहीं कोर्ट में दिये बयान में बलात्कार किये जाने की बात कही थी। पीड़िता के बयानों में विरोधाभास को भी कोर्ट ने संदेहास्पद माना। मेडिकल रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हो सकी। वहीं अभियोजन पीड़िता को नाबालिग भी साबित नहीं कर सका, पीड़िता की आयु 18 वर्ष पाई गयी।

# दवा खाने के बाद बिगड़ी हालत, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पस्तोर की घटना, पत्नी ने डॉक्टर पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया

**अमृत विचार :** दवा खाने से युवक की हालत बिगड़ गई। इसके चलते उसकी मौत हो गई। युवक की पत्नी ने डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के पस्तोर निवासी धनका नाम की महिला का आरोप है कि 16 मार्च की शाम 5:00 बजे खांसी-जुकाम होने पर उसके पति सोहन लाल डॉक्टर तुलाराम की दुकान पर दवाई लेने गए थे। दुकान पर डॉ. हेमंत शर्मा मिले। महिला ने बताया कि दवा खाने के बाद उसके पति की हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसने डॉक्टर से शिकायत की। आरोप है कि गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। महिला के अनुसार अगले दिन उपचार के दौरान उसके पति की मौत हो गई। इसकी सूचना डायल 112 पर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया। महिला की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने डॉक्टर हेमंत शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया।एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने सिंचाई विभाग में तैनात पति समेत 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर की अवनीश ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में संजीव कुमार निवासी जिला फिरोजाबाद थाना बसई के गांव नगला उदी से हुई थी। उसका पति शिकोहाबाद में सिंचाई विभाग में तैनात है। आरोप है कि शादी के बाद ससुराले के लोग और पति मायके से 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी करने की धमकी देने लगे। 11 जनवरी 2026 को ससुराल के लोग मारपीट कर उसे चौरासी घंटा मंदिर के पास छोड़कर चले गए। पुलिस ने पति, ससुर, सास, देवर, जेठ आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कैफे में पकड़ा अवैध हुक्का बार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो गिरफ्तार, कैफे की सीढ़ियों पर बैठाकर पिलाया जा रहा था हुक्का और शराब
- मौके से तीन हुक्के और शराब की बोतलें बरामद, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** प्रेम नगर क्षेत्र के कैफे में अवैध रूप से चल रहा हुक्का बार पकड़ा गया है। पुलिस ने दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने तीन हुक्का और चार बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रेम नगर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात दरोगा सुधीर कुमार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रेम नगर क्षेत्र में अवैध हुक्का बार का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने डीडीपुरम क्षेत्र में स्थित मीट मी हियर कैफे में छापा मारा। पुलिस ने मौके से जाटवपुरा टायर मंडी निवासी गौरव और गोलू को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया की वह लोग अवैध रूप से कैफे की सीढ़ियों पर बैठकर हुक्का और शराब का सेवन करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी, बरामद हुक्का और शराब की बोतलें। ● अमृत विचार

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए डेढ़ लाख

**बरेली, अमृत विचार :** एटीएम बूथ में एटीएम कार्ड का पिन बनाने के दौरान शातिर ठग ने महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया। इसके बाद उसके खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। खाते से पैसे कटने के बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। आरोपी एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात प्रीति ने बताया कि उसकी मां का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। 13 मार्च की शाम वह मालियों की पुलिया स्थित एटीएम बूथ पर एटीएम कार्ड का पिन जनरेट करने गई थीं, लेकिन वहां पर मौजूद युवक ने एटीएम कार्ड बदल लिया। मां के खाते से एक लाख 55 हजार रुपये निकालने के अलावा पेट्रोल पंप व दुकानों पर स्वाइप करके गलत तरीके से लेन-देन किया गया। पता चलने पर महिला ने एटीएम कार्ड ब्लॉक करा दिया।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# पति का आरोप-पत्नी जबरन लेना चाह रही तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तलाक लेकर संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप

**अमृत विचार :** पति ने अपनी पत्नी पर संपत्ति के लिए जबरन तलाक दिलवाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि तलाक नहीं देने पर पत्नी के कहने पर कुछ लोग उसके घर में घुस आए। वह तलाक देने के लिए दबाव बनाने लगे। बारादरी पुलिस ने पति की तहरीर पर पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के पवन विहार कॉलोनी निवासी तेजपाल सिंह यादव ने बताया कि पत्नी ऊषा देवी से संपत्ति का विवाद चल रहा है। इसको लेकर पत्नी की तरफ से तलाक का मुकदमा कोर्ट में डाल रखा है। आरोप है कि पत्नी तलाक लेकर उसके नाम से खरीदी गई संपत्ति पर कब्जा करना चाह रही है। तलाक देने पर उसके द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि 17 मार्च को वह घर पर अकेला था। तभी दो अज्ञात लोग उसके घर में आ गए, जिन्हें उसकी पत्नी ने बुलाया था।

उन्होंने गाली गलौज करते हुए कहा कि ऊषा को तलाक दे दो नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। पूछने पर घर में घुसने वालों ने बताया कि वह रामनाथ का लड़का है और दूसरा उसका साथी उमेश निवासी मोहनपुर रिठौरा था। उसने जब उनकी वीडियो बनानी चाही तो उन्होंने पत्नी की मदद से धक्का देकर मोबाइल छीनने का प्रयास करके मारने के लिए दौड़े।

### अस्पताल कर्मियों पर नवजात को बेचने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के आंवला तहसील क्षेत्र में एक महिला ने अस्पताल कर्मियों पर नवजात बच्ची को बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्राम डिंडौरी निवासी पीड़िता कमलेश ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार, चार माह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्लियां में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह बेहोश हो गई थी। होश आने पर अस्पताल स्टाफ ने बच्ची की मृत्यु होने की जानकारी दी, लेकिन बार-बार मांग करने के बावजूद न तो बच्ची को दिखाया गया और न ही शव सौंपा गया। महिला ने सीएचसी कर्मियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बच्ची को बेचने की आशंका जताई है।

# अग्निवीर भर्ती रैली : एक हजार युवाओं ने लगाई दौड़, 890 सफल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में बुधवार को एक हजार युवाओं ने दौड़ लगाई। जिसमें से 890 सफल हुए, जिन्हें अगले चरण के लिए गुरुवार को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है।

बदायूं जिले के अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) के 1170 अभ्यर्थियों की दौड़ होनी थी, मगर एक हजार ही अभ्यर्थी पहुंचे। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। आसपास के जिलों से तमाम युवा अपने साधनों से भी भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे। उधर मेजर जनरल मनीष कुमार एडीजी भर्ती लखनऊ ने रैली का दौरा किया। उन्होंने इस रैली को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।



नगर आयुक्त को सम्मानित करते सेना के अफसर। ● अमृत विचार

- बदायूं जिले के 1170 युवाओं की होनी थी दौड़, पहुंचे एक हजार

# शिकंजा : छापेमारी कर मूंगफली का दाना नष्ट कराया, भरे सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम को लेकर कई जगहों पर छापेमारी की। मूंगफली दाना नष्ट कराने के साथ कई खाद्य पदार्थों के नमूने भरे।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त एवं डीएम के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-सेकेंड अक्षत गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के गठित दल ने रिछा रेलवे क्रॉसिंग के पास दुकान से खजूर का नमूना, खजुरिया घाट से सेंवई एवं पापड़ का एक-एक नमूना, तहसील रोड मीरगंज से सिंघाड़ा आटा एवं मूंगफली दाना का एक-एक नमूना भरा। इसके साथ ही खराब मिलने पर करीब 20 किलो मूंगफली दाना जब्त कर नष्ट कराया। मेन रोड, नवाबगंज से कुट्टू के आटे का नमूना, बड़ा बाग, हनुमान मन्दिर के पास से घी (प्रकाश ब्रांड) का एक नमूना संग्रहित किया। सहायक आयुक्त (खाद्य)-सेकेंड के अनुसार सभी नमूनों को जांच के लिए झांसी की प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आम जन मानस को आगामी नवरात्र पर्व पर सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।



- त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने को चलाया अभियान

### कुट्टू के आटे में मिलावट का पता लगाने के तरीके बताए

सहायक आयुक्त (खाद्य)-सेकेंड की ओर से चैत्र नवरात्र पर आम जनमानस के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है। उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों को भी निर्देश जारी किए हैं कि आटे को सूखे और ठंडे स्थान पर रखने के साथ ग्राहकों को आटे की शुद्धता और सावधानी के बारे में बताएं। मिलावट करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। कुट्टू के आटे के साथ दही का प्रयोग अवश्य करें। कहा है कि कुट्टू का शुद्ध आटा हल्का भूरे रंग का होता है। मिलावट में गहरा रंग हो सकता है। पानी में डालने पर शुद्ध आटा पानी में नीचे बैठ जाता है और मिलावट वाला तैरने लगता है। सेंधा नमक आटे में थोड़ा मिलाकर पानी में डालें, मिलावट होगी तो रंग बदल जाएगा।

### धोखाधड़ी करके मकान पर कब्जे का प्रयास

**बरेली, अमृत विचार :** धोखाधड़ी करके एक शख्स के मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत की। इसके बाद बारादरी इंस्पेक्टर को जांच के आदेश दिए गए हैं।

बारादरी थाना क्षेत्र के कटकुइयां सैलानी निवासी मुख्तार अहमद ने बताया कि वह अपने मकान में पिछले 30 सालों से रहा रहा है। उसे वह मकान अपने मामा बशीर अहमद और रफीक अहमद से विरासत में मिला था, लेकिन कुछ लोगों ने आपस में उक्त मकान का बैनामा धोखे से करा लिया। वह मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि 15 मार्च को वह अपने निजी काम से घर के बाहर गया हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने उसके घर के ताले तोड़कर तीन तोला सोना और नकदी चुरा ली। उसने पूछा तो मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने के बाद एसडीएम ने बारादरी इंस्पेक्टर को जांच के आदेश दिए हैं।

# एटीएम काटने का प्रयास करने वाले गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों के पास से चोरी की बाइक और चाकू बरामद

**अमृत विचार :** एटीएम काटकर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपियों को पुलिस ने चोरी की बाइक के समय गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

अलीगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पट्टी में 22 फरवरी को पंजाब नेशनल बैंक शाखा के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बैंक के एटीएम को अज्ञात चोरों ने काटने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार की रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम दीपू खटीक निवासी दातागंज, हाल निवासी सुभाष नगर बताया, जबकि दूसरे आरोपी ने अपना नाम विकास निवासी थाना कैंट चनहेटी बताया। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया।

# आधुनिक तकनीकों से स्पाइन सर्जरी के उन्नत तरीकों का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से 'बरेली एमआईएस स्पाइन कोर्स' का हुआ आयोजन
- स्पाइन कोर्स में देश-विदेश से पहुंचे डॉक्टर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिली भागीदारी

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से आयोजित ''बरेली एमआईएस स्पाइन कोर्स'' का सफल आयोजन 8 से 18 मार्च तक किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के स्पाइन सर्जनों ने भाग लिया।

इस कोर्स का नेतृत्व प्रख्यात स्पाइन सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल ने किया, जो मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी के विशेषज्ञ हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से स्पाइन सर्जरी के उन्नत तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया।


ऑपरेशन थिएटर में प्रशिक्षण के दौरान डॉ. वरुण अग्रवाल के साथ अन्य डॉक्टर।


प्रशिक्षण में डॉ. वरुण अग्रवाल के साथ विदेश व अन्य राज्यों से आए डॉक्टर। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण की खास बात यह रही कि इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भागीदारी देखने को मिली। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से आए डॉ. कलिमुल्ला वारदाक ने भी इस कोर्स में भाग लेकर ऑब्लिक लेटरल लंबर इंटरबॉडी फ्यूजन तकनीक का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों को हंड्स-ऑन कैडावर लैब, लाइव सर्जरी डेमोंस्ट्रेशन, स्ट्रेप बाय स्टेप लेक्चर और पर्सनलाइज्ड मेंटरिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

डॉ. वरुण अग्रवाल द्वारा अपनाई जा रही ओएलएलआईएफ (ऑब्लिक लेटरल लंबर इंटरबॉडी फ्यूजन) तकनीक उत्तर भारत में बेहद सीमित स्तर पर उपलब्ध है और वर्तमान में इस उन्नत तकनीक को सफलतापूर्वक करने वाले चुनिंदा विशेषज्ञों में डॉ. अग्रवाल का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। इस कोर्स के माध्यम से प्रतिभागियों ने न केवल नई तकनीकों को सीखा, बल्कि अपने सर्जिकल कौशल को भी और अधिक निखारा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में नई तकनीकों का विस्तार हो सके और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

## सिटी ब्रीफ

### मनोज बने आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा नेता मनोज थपलियाल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसपर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए मिष्ठान का वितरण किया। महानगर कॉलोनी निवासी मनोज थपलियाल वर्ष 1985 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े और भाजपा में विभिन्न पदों पर कार्य किया। लोकसभा और विधानसभा चुनावों के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 2016 में असम में पहली बार भाजपा की सरकार बनी तो उन्हें डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया विधानसभा का प्रभारी बनाया गया। वह दोनों जिलों में संघ के विस्तारक भी रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव, पैरा ओलंपिक डवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन दक्ष शर्मा पाराशर, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, पुष्पेंदु शर्मा, डॉ केएम अरोड़ा, तरुण गंगवार, सतीश शर्मा, बंटी ठाकुर, मनोज यादव, योगेश बंटी, नंदकिशोर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### आईएमए स्विमिंग पूल का पुन: उद्घाटन

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए बरेली के स्विमिंग पूल का बुधवार शाम पुन: उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर ने किया। अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने स्विमिंग पूल के दोबारा शुरू होने पर खुशी जताई। डॉ. विजय यादव, डॉ. अजय भारती, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. एसके कौशिक, डॉ. शशांक, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. अनिल गंगवार, डॉ. डीपी गंगवार, डॉ. वीरेंद्र प्रताप, डॉ. रोहम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अशोक महान सेवा संघ के महानगर अध्यक्ष बने गोविंद

**बरेली, अमृत विचार :** अशोक महान सेवा संघ की बैठक बुधवार को गांधी उद्यान में हुई। इसमें गोविंद सैनी को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 28 मार्च को सम्राट अशोक का जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र मौर्य ने कहा कि इस बार भी सम्राट अशोक की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। महामंत्री चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, आरके मौर्य, हरपाल मौर्य, मगनपाल मौर्य, महेंद्र पाल मौर्य, दयाशंकर मौर्य, पप्पू मौर्य, मनोज मौर्य, प्रेम प्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# ईद : अफगानी कुर्ते व तुर्की टोपियों का क्रेज

## बाजार में दिखी रौनक, दुकानों पर ग्राहकों की उमड़ रही भीड़, दुकानदार बोले- इत्र की भी मांग बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के बाजार में ईद-उल-फितर को लेकर रौनक बढ़ गई है। शाम ढलते ही कपड़ों, टोपी और इत्र की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। खासकर युवाओं में अफगानी स्टाइल के कुर्ते और डिजाइनर कुर्ता-पायजामे के साथ तुर्की टोपी की मांग अधिक देखी जा रही है।

बाजार में सफेद और क्रीम रंग के पारंपरिक कुर्ता-पायजामा के साथ नए फैशन के कुर्ते भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा नमाज के लिए तुर्की और अफगानी टोपियों की खरीदारी भी बढ़ी है। कई दुकानों पर विभिन्न खुशबू वाले इत्र की भी अच्छी बिक्री हो रही है। व्यापारी भी ईद को देखते हुए नए डिजाइन और स्टॉक मंगवा रहे हैं। शाम के समय बाजार में सबसे अधिक चहल-पहल देखने को मिल रही है। लोग परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंच रहे हैं और बच्चों के लिए भी नए कपड़े व टोपियां खरीदी जा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद नजदीक आएगी, खरीदारी और तेज होने की उम्मीद है। कुतुबखाना के कपड़ा व्यापारी नफीस अहमद ने बताया कि रमजान के अंतिम दिनों में ईद की खरीदारी सबसे ज्यादा होती है। इस बार युवाओं में अफगानी स्टाइल के कुर्तों की खास मांग है। उन्होंने बताया कि ग्राहक हल्के और आरामदायक कपड़े पसंद कर रहे हैं, जिसके चलते सफेद और क्रीम रंग के कुर्ता-पायजामे अधिक बिक रहे हैं। टोपी और इत्र विक्रेता जाहिद अली ने बताया कि नमाज के लिए तुर्की और अफगानी टोपियों की मांग पिछले कुछ दिनों से काफी बढ़ गई है। साथ ही लोग ईद के मौके पर इत्र भी खरीद रहे हैं।


शहर स्थित एक दुकान से टोपी की खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार



### ईद की मुख्य नमाज बाकरगंज ईदगाह में सुबह 10.30 बजे अदा की जाएगी

**बरेली, अमृत विचार :** ईद को लेकर सभी जगह पर तैयारी पूरी हो चुकी है। ईदगाह समेत सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों की कमेटी ने ईद की नमाज का समय तय कर दिया है। ईद की मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 10 .30 बजे अदा की जाएगी। शहर में सबसे पहले बाजार सन्दल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद व साहूकारा की मदीना मस्जिद में सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर नमाज अदा की जाएगी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में 11 नमाज अदा की जायेगी। सुबह 7 बजे चौकी चौराहा मस्जिद, शाहमतगंज, दरगाह शाह शराफत अली मियां, अखाड़े वाली मस्जिद में नमाज अदा होगी। सुबह 7 .30 बजे कांकर टोला की छह मीनार मस्जिद, खन्नू मोहल्ला की अबू बक्र मस्जिद, कटरा मानराय की यतीम खाना मस्जिद में नमाज होगी। 7 .45 बजे एजाज नगर की मौला अली मस्जिद में नमाज अदा होगी।

### ईद खुशियों का त्योहार, इस दिन कोई भी प्रदर्शन न करें : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ईद की नमाज से पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि ईद खुशियों का त्योहार है, इस दिन कोई प्रदर्शन न करें। ईद के दिन काले कपड़े नहीं पहनें। उन्होंने सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने की भी अपील की है। दरअसल, सपा नेता यूसुफ मलिक ने कहा था कि आजम खां ने जेल से ईरान हमले के विरोध में ईद पर काले कपड़े पहनने का संदेश भेजा है। जिसके बाद अब मौलाना शहाबुद्दीन रजवी का यह बयान आया है। मौलाना ने कहा कि ईद खुशी का दिन है, गम मनाने का दिन नहीं है, रमजान का पूरा महीना मुसलमानों की इबादत में गुजरता है फिर उसके बाद एक दिन खुशी मनाने और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का दिन आता है, अब इस दिन को भी किसी के कहने पर गम में तब्दील न करें। किसी राजनीतिक व्यक्ति के बहकावे में न आएं। ईरान की कामयाबी के लिए दुआ करें।

# 124 किशोरियों को लगा सर्वाइकल रोधी टीका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला अस्पताल के बाद सीएचसी भोजीपुरा में लगे सबसे अधिक 39 एचपीवी टीका
- तीन महीने चलेगा अभियान, 50 हजार किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान के दूसरे दिन बुधवार को 124 किशोरियों को एचपीवी (सर्वाइकल रोधी) टीका लगाया गया। महिला अस्पताल के बाद सीएचसी भोजीपुरा में सबसे अधिक 39 किशोरियों का टीकाकरण हुआ।

टीका लगवाने के लिए किशोरियां महिला अस्पताल भी पहुंचीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह अभियान तीन महीने चलेगा, जिसमें करीब 50 हजार किशोरियों को टीका लगाया जाना है। पहले दिन बरेली प्रदेश में टीकाकरण के मामले में अव्वल रहा। दूसरे दिन भी जिले का बेहतर प्रदर्शन रखा। वहीं भोजीपुरा की रहने वाली दिव्या ने टीका लगवाने के बाद अपने उम्र की लड़कियों से अपील की है कि उसने यह टीका लगवाया है। यह टीका सुरक्षित है। आप लोग भी इस टीके को लगवाएं। क्यारा में 16, यूपीएचसी सिविल लाइंस में 10, जगतपुर में 8, सीएचसी भमोरा में 7, सीएचसी फरीदपुर में 6, सीएचसी फतेहगंज में 5 और यूपीसीएचसी बाकरंगज में 5 किशोरियों ने टीका लगवाया। बाकी के टीके जिला महिला अस्पताल में लगाए गए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रशांत रंजन ने बताया कि टीका लगवाने के लिए किशोरियां सहमति पत्र लेकर सेंटर पर आ रही हैं। टीका लगाने के बाद उन्हें आधे घंटे तक वहां रोका जा रहा है।






## निगम की कार्रवाई पर विवाद, आंदोलन की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की मंगलवार को कालीबाड़ी स्थित प्राचीन काली माता मंदिर के आसपास की गई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई अब विवादों में घिर गई है। वार्ड-64 के पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर इस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

पार्षद का आरोप है कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश के नेतृत्व में की गई यह कार्रवाई पूरी तरह से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध थी। बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के अचानक जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जब्त किए गए सभी ठेले और सामान तत्काल वापस किए जाएं। संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो नगर परिसर में ही धरना और आंदोलन शुरू करेंगे।

# शिक्षक समाज को दिखाते हैं राह : मेयर


कार्यक्रम में मौजूद मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस के सिटी कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आयोजित गुरु संदीपनि सम्मान में महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि शिक्षक पृथ्वी पर परिवार, समाज और राष्ट्र के सबसे बड़े हितैषी होते हैं। वे चेतना का दूसरा अंश हैं, जो अपने ज्ञान रूपी दीपक से समाज को राह दिखाते हैं। शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षाविदों ने महर्षि संदीपनि, गौतम ऋषि और अन्य महान शिक्षकों के बारे में प्रकाश डाला। शिक्षा विद लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि मेयर के अथक प्रयासों से आज नाथ नगरी का कायाकल्प हो गया है। बरेली आध्यात्मिक नगरी बन चुकी है।

## संचारी रोग से बचाव को घर-घर चलेगा दस्तक अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दी है। एक से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

अभियान के दौरान जिन क्षेत्रों में पहले मलेरिया के अधिक मामले सामने आए थे, वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें फॉगिंग कराएंगी और लोगों को साफ-सफाई व बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देंगी। दस्तक अभियान के तहत आशाएं घर-घर जाकर पता करेंगी कि बच्चों या बड़ों को बुखार, खांसी, टीवी, कुपोषण की शिकायत तो नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है तो उन्हें दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। डीएमओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से अभियान चलाया जाएगा।

# डॉ. हिमांशी का एमसीएच पीडियाट्रिक सर्जरी में चयन



- पहले ही प्रयास में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रतिभा का दिया परिचय, कुलपति और प्रधानाचार्य ने दी बधाई

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज से जनरल सर्जरी विषय में स्नातकोत्तर (एमएस) की डिग्री उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पूरी करने के बाद डॉ हिमांशी ने चिकित्सा परामर्श समिति की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर प्रतिभा का परिचय दिया है। इस उपलब्धि पर उन्हें देश के अग्रणी संस्थानों में से एक लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली में एमसीएच (पीडियाट्रिक सर्जरी) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल डॉ. हिमांशी की मेहनत, समर्पण एवं लगन का प्रतीक है, बल्कि संस्थान के शैक्षणिक उत्कृष्टता स्तर को भी दर्शाती है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया और जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद ने डॉ. हिमांशी को बधाई दी है।

## चुनाव : अमर सिंह बने अध्यक्ष


विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया गया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** दस्तावेज लेखक कल्याण समिति सदर बरेली के द्विवार्षिक चुनाव में मतदान होने के बाद बुधवार को फैसला आया। अमर सिंह कातिब अतुल कुमार सक्सेना को हरा कर अध्यक्ष बने। उन्हें 101 वोट मिले। जबकि अतुल को 72 वोट मिले। तेजपाल पटेल ने उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। उन्हें 74 वोट मिले। जबकि राजू सक्सेना को 72 वोट मिले। राकेश कुमार सक्सेना सचिव पद पर जीते, उन्हें 143 वोट मिले। जेपीएस पाल को 29 वोट मिले। राजेश कुमार सक्सेना सह सचिव के पद पर जीते। उन्हें 110 वोट प्राप्त हुए, जबकि वीरेंद्र देव मौर्य को 84 वोट मिले। नरेंद्र बाबू ने कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, उन्हें 121 वोट मिले। आशीष शर्मा को 73 वोट मिले। चुनाव एआईजी स्टांप एवं निबंधन तेज सिंह यादव ने संपन्न कराया। रवि प्रकाश वर्मा और राजेन्द्र प्रसाद पांडेय का सहयोग रहा।

# हादसों में मौतें रोकने को हाईवे पर लगेंगी डिवाइसेस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन से बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर के लिए एक-एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत
- बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर सहित प्रदेश के 25 जनपदों में दुर्घटनाओं में 50 फीसद मौत

**अमृत विचार :** बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर सहित 25 ऐसे जनपद हैं, जहां प्रदेश में घटित कुल दुर्घटना में मृत्यु 50 प्रतिशत हुई हैं। इन जनपदों में दुर्घटना मृत्यु 50 फीसदी तक कम करने के लिए इलेक्ट्रानिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेस की स्थापना कराने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली के अंतर्गत गठित कोष प्रबंधन समिति की बैठक में अनुमोदन के बाद प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर बजट की स्वीकृति दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटना मृत्यु में 50 प्रतिशत की कमी लाए जाने के लिए निर्धारित लक्ष्य एवं सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी और भारत सरकार की स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2025-26 योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेस की स्थापना के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में घटित कुल दुर्घटना मृत्यु का 50 प्रतिशत भाग वाले प्रदेश के 25 जनपदों में बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, कानपुर नगर, सीतापुर, उन्नाव, अलीगढ़, गोरखपुर, बिजनौर सहित 25 जनपदों में जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से इलेक्ट्रानिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेस की स्थापना कराने की जाएगी। इस पर प्रत्येक जनपद में एक करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है।

### दुर्घटनाएं रोकने को लगाए जाएंगे ये उपकरण

इलेक्ट्रॉनिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेस में स्पीड गन/कैमरा, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर), रेड लाइट कैमरा, फैराडे बैग आदि उपकरण खरीदे जाएंगे। इसमें स्पीड गन/कैमरे वाहनों की गति को ट्रैक करने और तेज गति से चलने वाले वाहनों का चालान करने के लिए लगाए जाएंगे। एएनपीआर बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों को स्वचालित रूप से पहचानने के लिए लगाया जाएगा। रेड लाइट कैमरा ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले वाहनों की तस्वीरें लेने के लिए लगाए जाएंगे। डब्ल्यूआईएम मशीन चलते वाहनों का वजन मापने के लिए लगाई जाएगी। फैराडे बैग जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सिग्नल को रोकने का काम करेगा।

> सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हाईवों पर कैमरे, एएनपीआर आदि उपकरण लगाने के लिए बजट की मांग करते हुए पूर्व में प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इलेक्ट्रानिक इन्फोर्समेंट डिवाइसेस के संबंध में बजट जारी होने पर इन्हें स्थापित किया जाएगा।
>
> **प्रणव झा,** आरटीओ प्रवर्तन

## सिटी ब्रीफ

### प्रश्नपत्र कम पड़ने पर ब्लैक बोर्ड पर लिखकर कराई परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं में इस बार अव्यवस्थाएं हावी हैं। लगातार तीसरे दिन भी छात्र और शिक्षक परेशान नजर आए। प्रश्नपत्र कम पड़ने के कारण कई विद्यालयों में ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखकर परीक्षा कराई गई। बुधवार को पहली पाली में कक्षा तीन से आठ तक सामाजिक विषय और दूसरी पाली में कक्षा दो से आठ तक अंग्रेजी की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में कई जगह प्रश्नपत्र पर्याप्त संख्या में नहीं पहुंचे। ऐसे में शिक्षकों ने वाट्सएप के जरिए प्रश्नपत्र मंगवाए और उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखा। छात्र और शिक्षकों को परेशानी उठानी पड़ी। शिक्षकों के ग्रुपों में भी इसकी चर्चा चलती रही।

### पाककला में रसोइयों ने हुनर का प्रदर्शन किया

**बरेली, अमृत विचार :** पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत बीएसए कार्यालय परिसर में बुधवार को रसोइयों के बीच पाककला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के 15 ब्लॉकों से आई 30 रसोइयों ने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ देवयानी और बीएसए डॉ. विनीता ने किया। प्रतियोगिता में तैयार व्यंजनों की गुणवत्ता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल ने किया, जिसमें डीआईओएस के अलावा जीजीआईसी की प्रिंसिपल अनु परासरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी, डॉ. श्वेता भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रसोइयों को क्रमश: 3500, 2500 और 1500 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### एसआरएमएस में आज से होगा दो दिवसीय आमोद का आरंभ

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद 2026 का शुभारंभ गुरुवार से होगा। प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन एसआरएमएस ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाएगा। इनडोर एवं आउटडोर दोनों प्रकार के विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन होगा, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, फुटबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कैरम, कबड्डी जैसे खेल शामिल हैं।

सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती हुई, एक गाड़ी का स्टेयरिंग संभाल रही, दूसरी बनी उसकी ताकत, बड़े-बुजुर्गों का मिल रहा आशीर्वाद

# नवशक्ति: परिवारों की ढाल बनीं पायल-दीपाली, ये सहेली ई-रिक्शा वाली



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र नवरात्र मास में सभी के जीवन में भक्ति, शक्ति एवं नवचेतना के संचार का संदेश दिया है। कहा है कि यह पर्व मात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति के वंदन का महापर्व है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि नारी शक्ति का मान रहे, बेटियों को उनके सपनों का आसमान मिले और मातृशक्ति को सम्मान मिले। विकसित प्रदेश का लक्ष्य है और इसके लिए आवश्यक है कि हर कोई अपने बेटों के समान बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प ले..। पावन-पुनीत समय को साक्षी बनाकर 'अमृत विचार' अपने इस भूभाग से 'नवशक्ति' के रूप कुछ ऐसी बेटियों की मिसाल-बेमिसाल कहानी सामने ला रहा है, जिनके बारे में पढ़कर किसी की भी जुबां से 'शाबास बेटी' के बोल फूट पड़ेंगे ...!

संजय शर्मा/मोहित सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** दीपाली और पायल की जोड़ी देखकर सेल्यूट करने का मन करता है। दोस्ताने के रिश्ते में उनका सफर भी एक है और मंजिल भी एक। पिता का साया दोनों के सिर से उठ गया था। दुनियावी दुश्वारियां सिर पर मंडरा रहीं थीं तो ऐसे खराब वक्त में उनकी दोस्ती हो गई। फिर क्या, एक दूसरे की ताकत बनकर मैदान में उतर पड़ीं हैं। पसीने से अपनी-अपनी मां के आंसू पोंछ डाले हैं। जीवन की गाड़ी चलाने को दीपाली ने ई-रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभाल ली है तो साए की तरह साथ निभाकर पायल उसकी ताकत बन गई है।

बरेली की रहने वाली दीपाली की उम्र 25 बरस है तो पायल अभी 20 के पड़ाव पर ही पहुंची है। परिवार में तंगी की वजह से दीपाली स्कूल नहीं जा सकी। मुसीबत का पहाड़ उस समय और बड़ा हो गया, जब चकमहमूद मोहल्ले में रहने वाले उसके पिता चल बसे। भाई कोई नहीं और घर में अकेली सिर्फ मां संतोष देवी। सामने दो जून की रोटी का भी आ खड़ा हुआ। ऐसे ही हालात बांके की छावनी में रहने वाली पायल के सामने भी थे। जैसे-तैसे दो जून की रोटी चल रही थी लेकिन 2019 में पायल का भाई हर्षित और 2021 में पिता बाबूलाल की बीमारी ने जान ले ली। मां कामिनी देवी दूसरों के घरों में काम करके रोटी तो जुटाने लगीं लेकिन भविष्य की चिंताएं बढ़ती ही जा रही थीं।



ई-रिक्शा से सावारियां ले जातीं दीपाली और पायल। ● अमृत विचार

कहते हैं कि समय सबको सबक भी देता है और नए रास्ते भी दिखाता है। ऐसा ही कुछ दीपाली और पायल के साथ हुआ। फेसबुक के माध्यम से दोनों संपर्क में आ गईं। बातचीत दोस्ती में बदल गई। पहले तो दोनों ने इज्जत से परिवार चलाने के लिए नौकरी करनी चाही लेकिन शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान न होने से कहीं भी 4-5 हजार से ज्यादा पर बात नहीं बनी। महंगाई में इतने से गुजारा तो हो नहीं सकता था। ऐसे में दोनों ने बड़ा फैसला कर डाला। ई-रिक्शा चलाने लगीं। गाड़ी खरीदने को पैसे तो थे नहीं, इसलिए किराए पर लेकर स्मार्ट सिटी की सड़कों पर दौड़ लगाने लगीं। व्यस्त सड़कों पर ई-रिक्शा से सवारियां ले जाते अब दोनों को काफी समय हो चुका है। दीपाली पूरी शान से स्टेयरिंग संभालती है तो पायल भरपूर स्वाभिमान के साथ सवारियां को आवाज देकर तिपहिया में बिठाती है। गाड़ी के साथ उनकी जिदंगी का पहिया भी रफ्तार पकड़ने गया है। सुबह से शाम तक मेहनत के बाद पहले ई-रिक्शा का भाड़ा निकालती हैं। इसके बाद भी अपने और परिवार का खर्च चलाने को ठीक-ठाक पैसे बचा लेती हैं। दीपाली-पायल ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि अपनी मेहनत और काम से वे बहुत खुश हैं। बड़े-बुजुर्ग मिलते हैं तो आर्शीवाद देकर जाते हैं। और हम उम्र मुसाफिर उनसे सबक लेकर जाते हैं।

# चैत्र नवरात्र : मंदिरों में माता का किया विशेष श्रृंगार

## बाजारों में बढ़ी रौनक, पूजा सामग्री और सजावट की दुकानों पर उमड़ी भीड़, श्रद्धालु घरों में करेंगे घट स्थापना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र का पावन पर्व गुरुवार से शुरू हो गया है। नवरात्र के आगमन से पहले ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई। पूजा सामग्री, चुनरी, नारियल, माता की मूर्तियां, कलश, ध्वज और सजावट की दुकानों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। दुकानदारों ने भी नवरात्र को देखते हुए विशेष तैयारियां की हैं।

नवरात्र को लेकर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों को भी भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और झालरों से सजावट की गई है। नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगेंगे। नवरात्र से पहले बुधवार को प्रमुख देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार किया गया। साहूकारा स्थित नवदुर्गा देवी मंदिर, बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर, बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में नव निर्मित भावनी माता मंदिर, राजेंद्र नगर स्थित श्री हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर, सुभाष नगर स्थित, श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में भी माता का श्रृंगार और मंदिर की साज-सज्जा की गई।



नवरात्र की पूर्व संध्या पर हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर राजेन्द्र नगर में देवी प्रतिमाओं का श्रृंगार करते पुजारी। ● अमृत विचार



शहर में एक दुकान से चुनरी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

नवरात्र के पहले दिन में गुरुवार को सुबह से मंदिरों में श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे और विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। श्रद्धालु घरों में भी घट स्थापना कर नौ दिन तक व्रत रखेंगे। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। श्रद्धालु व्रत रखकर और पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना करेंगे। सभी मंदिरों के बाहर भी बड़ी संख्या में चुनरी, प्रसाद, नारियल की दुकानें सज चुकी हैं।



शहर में एक दुकान से मिट्टी के कलाश खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### प्रमुख मंदिरों में आज से होंगे अलग-अलग आयोजन, लोगों में दिखा उत्साह

- सुबह 9 बजे माता शैलपुत्री का पूजन कराया जाएगा, संगीतमय पाठ का आयोजन होगा

सुभाष नगर की कॉलोनी अवधपुरी स्थित श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर संस्था अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पहले दिन सुबह 9 बजे माता शैलपुत्री का पूजन कराया जाएगा। माता को श्रीफल सहित श्रृंगार एवं वस्त्र आभूषण अर्पित किए जाएंगे। मंदिर परिसर में सायंकाल के समय श्री राम चरित्र मानस के संगीतमय पाठ का आयोजन किया जाएगा। रामायण पाठ राम नवमी तक सायंकाल को होगा। राम नवमी पर जन्मोत्सव और हवन के साथ रामायण पाठ का विश्राम होगा। प्राचीनतम बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर स्थित श्री रामालय में नवसंवत्सर पूजन और वृतोत्सव पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम मंदिर के रामालय में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### कराटे ट्रायल पर उठे सवाल, जांच कर दोबारा चयन की मांग

**बरेली,अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित कराटे ट्रायल की चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। खिलाड़ियों ने चयन में अनियमितता के आरोप लगाते हुए खेल सचिव को शिकायत पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और पुनः ट्रायल कराने की मांग की है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए 16 मार्च को टीम चयन के लिए ट्रायल हुआ था। बरेली समेत विभिन्न महाविद्यालयों के करीब 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आरोप है कि इनमें से केवल तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया, जबकि वेट कैटेगरी के मानकों का सही पालन नहीं किया गया। बुधवार को 10-12 खिलाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचकर अधिकारियों से मिलने की मांग पर अड़े रहे। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी प्रो. एसएस बेदी का कहना है कि एक्सपर्ट के निर्णय को लेकर कुछ गलतफहमी थी, जिसे बात करके दूर कर दिया गया। कुल चार बच्चों का चयन हुआ था, जिसमें एक ने मना कर दिया। नियमों के मुताबिक ही टीम का चयन हुआ है।

# अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 12 जोड़ों में बनी सहमति

- ऐसे आयोजन समाज के लिए उपयोगी, जो युवाओं को जीवनसाथी चयन में मदद करते हैं: डॉ. केशव
- परिणय बंधन पुस्तिका से जीवनसाथी खोजने में सहारा, 175 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी की ओर से आयोजित तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का समापन बुधवार को शहर के एक होटल में हुआ। दो दिवसीय आयोजन में विवाह योग्य युवक-युवतियों को सुयोग्य जीवनसाथी तलाशने का मंच मिला। दूसरे दिन 12 जोड़ों में सहमति बनी, जबकि 35 रिश्तों में बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई।



कार्यक्रम में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए उपयोगी मंच हैं, जो युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी चयन में मदद करते हैं। अग्र समाज सदैव से ही समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। यह परिचय सम्मेलन अपने उद्देश्य में सफल रहा है, जिसके लिए पूरी टीम साधुवाद की पात्र है। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विवाह योग्य युवाओं को एक व्यवस्थित मंच उपलब्ध कराना है। इसके लिए परिचय कक्षों की व्यवस्था की गई, जहां परिजनों ने आपस में बैठकर चर्चा की। संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल ने इसे वर्तमान समय में विवाह के लिए प्रभावी माध्यम बताया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल के अनुसार कार्यक्रम में 50 वर्ष पूरे कर चुके 8 दंपतियों और 75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके 9 वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन करीब 175 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. केशव अग्रवाल व पदाधिकारियों ने माता महालक्ष्मी व अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### इन लोगों की रही मौजूदगी

कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पार्षद राजेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय गोयल, देवेश अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, निरंजन सरन अग्रवाल, मोनल अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कमल कुमार गोयल, पीयूष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन प्रेम प्रकाश अग्रवाल, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. नीरू अग्रवाल व रश्मि अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने आभार जताते हुए पदाधिकारीगण व सहयोगियों को सम्मानित किया।

## सिटी डायरी

### एलन किड्स विद्यालय में हुआ बोर्न ब्वॉयज दीक्षांत समारोह

**बरेली, अमृत विचार :** एलन किड्स विद्यालय में बोर्न ब्वॉयज दीक्षांत व विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्रेप ए तथा बी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। मिस्टर एंड मिस एलेनाइट मेगा इवेंट में कक्षा तीन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 3 के अथर्व व अविष्का को मिस्टर एंड मिस एलेनाइट चुना। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रेप क्लास की उपलब्धियों का जश्न मनाया। शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के कक्षा 3 के विद्यार्थियों को उनकी रैंक के अनुसार सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान काव्या गुप्ता, द्वितीय स्थान अद्विक वशिष्ठ, तृतीय स्थान शिवाय राठौर, एवं आदित्य सिंह, चौथा स्थान अथर्व, पांचवा स्थान पार्थ, छठा स्थान चित्रांश रहे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त बरेली कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा अनिल, गेस्ट ऑफ ऑनर कर्तव्य फाउंडेशन की संस्थापक आकांक्षा सेठी उपस्थित रहीं। प्रिंसिपल सीमा सक्सेना, स्नेहल, सृष्टि, सफीना, शक्ति, अतीक्षा, अनिकेत आदि मौजूद रहे।



### नवसंवत्सर पत्रिका का हुआ विमोचन



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से बुधवार को क्लब के कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में सृष्टि निर्माण दिवस के अवसर पर भजन संध्या और नवसंवत्सर पत्रिका का विमोचन किया गया। बेबी शर्मा ने नववर्ष का गीत प्रस्तुत किया। शोभा सक्सेना, शकुन सक्सेना, रीता सक्सेना ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा और मुख्य अतिथि शिव कुमार बरतरिया ने नवसंवत्सर की वर्तमान युग में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए पत्रिका का विमोचन किया। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने संचालन किया। महासचिव प्रदीप माधवार ने आभार व्यक्त किया। अनिल गुप्ता, मंजू गुप्ता, सत्येंद्र सक्सेना, विजय कपूर, जितेंद्र, रश्मि, निर्भय सक्सेना, मुकेश सक्सेना, प्रीति सक्सेना, बेबी शर्मा, प्रकाश चंद्र, सुनील, जितेंद्र सक्सेना मधुरिमा, असित रंजन, अनिला रंजन, मंजू, सरोज आदि मौजूद रहे।

### नवरात्र की पूर्व संध्या पर महिला शक्ति का सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने नवरात्र की पूर्व संध्या पर बरेली क्लब में आयोजित समारोह में महिला शक्ति को सम्मानित किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को एक्सीलेंस अवार्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। क्लब ने कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन, फनसिटी की अमिता अग्रवाल, सेक्रेड हार्ट स्कूल की चेयरपर्सन राधा सिंह, सुविधा हॉस्पिटल की डॉ. रश्मि शर्मा और राजनीति विज्ञान की प्रो. डॉ. वंदना शर्मा को सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। समाज के समग्र विकास के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी ने रोटरी क्लब की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। मुख्य अतिथि तनु जैन ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज को सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट बोर्ड की सीईओ तनु जैन, क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी और सचिव शेखर यादव ने किया। कार्यक्रम में शालिनी विद्यार्थी, शिल्पी शर्मा, रजनी यादव, सीडीएस मोहन गुप्ता, अरविंद भटनागर, सीए नितिश टंडन, राजीव गुप्ता, डीपी सिंह, प्रधीर गुप्ता, गोविंद सक्सेना, शरद मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे। अंत में कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




### रसोई गैस संकट से परिषदीय स्कूलों मिड-डे मील प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के परिषदीय विद्यालयों में रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने से मिड-डे मील व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वार्षिक परीक्षाओं के दौरान रसोइयों को मजबूरी में चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। इन दिनों परीक्षाओं के चलते विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो रही है। ऐसे में गैस सिलेंडर की कमी से रसोई व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया है। जिले के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में गैस का संकट बना हुआ है। मामले को लेकर शिक्षक संगठनों ने बीएसए और सीडीओ को अवगत कराया है। मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि मार्च 2026 के लिए प्रत्येक विद्यालय को कम से कम दो गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि बच्चों के भोजन की व्यवस्था सुचारू रह सके।

# रोल प्ले, डिबेट और खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

- स्पेक्ट्रा-2026 : विद्यार्थियों ने खेल, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में भाग लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव ''स्पेक्ट्रा-2026'' के तहत दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने खेल, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

रोल प्ले प्रतियोगिता का विषय ''नारकोटिक ड्रग एब्यूज केस'' रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने समाज में नशे की समस्या और उसके दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। टीम-बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में नेहल बिष्ट, अनुष्का पंडित, रिम्शा, जैशिखा शर्मा, सक्षम जैनवियर एवं ऋष्रांत मौर्य शामिल रहे। वहीं टीम-ए ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें उदय गुप्ता, ऋषभ प्रताप सिंह, कीर्ति गंगवार, ताहिरा कुरैशी, निखिल गंगवार एवं यासमीन सैफी शामिल रहे। प्रतियोगिता के समन्वयक मेघा यादव व आस्था सक्सेना रहे। वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने तार्किक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय ''सेल्फ मेडिकेशन (स्व-चिकित्सा)'' रहा, जिसमें टीम-ए ने इसके प्रति जागरूकता के पक्ष में विचार प्रस्तुत किए, जबकि टीम-बी ने इसके दुरुपयोग के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। प्रतियोगिता में टीम-बी विजेता रही। प्रतियोगिता के समन्वयक अनुराग भारती (टीम-बी) एवं बलबीर सिंह (टीम-ए) ने अहम भूमिका निभाई। टीम-ए के प्रतिभागियों में माही गुप्ता, अनुष्का, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार एवं विपिन शामिल रहे, जबकि टीम-बी की ओर से नवीन कुमार, आयुष कुमार वर्मा, सृष्टि सिंह, अनुजा कुशवाहा एवं अदिति रमन ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। क्रिकेट मैच (स्टाफ) का आयोजन किया गया, जिसमें स्पेक्ट्रा वारियर टीम ने स्पेक्ट्रा फाइटर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. पंकज कुमार शंखधार रहे। खो-खो फाइनल मैच में टीम-1 ने विजय प्राप्त की। विजेता टीम में वतिका हलधर, अंजलि वर्मा, पल्लवी सोलंकी, स्मृति पाठक, पायल, प्रिया झा, दिव्यांशी, अन्या कुशवाहा, समीक्षा, निधि भारती, आंचल सिंह, सना फातिमा, आलिशा कुरैशी एवं यंका गंगवार शामिल रहीं। प्रतियोगिता समन्वयक सुमन एवं चारु सक्सेना रहीं। प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना का विकास करते हैं। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि स्पेक्ट्रा-2026 जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



जीत का जश्न मनाते विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार